# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का पर्दाफाश

## पुलिस ने 2 कार, 40 मोबाइल सहित उपकरण किए जब्त



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 सितंबर. शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. आरोपियों के पास से ऑनलाइन सट्टा में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और वाहनों को जब्त किया गया है. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गोविंदपुरा गौतम सोलंकी ने आरोपियों की धर पकड़ को लेकर जानकारी दी.**

अयोध्या नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लगभग 15 लाख रुपये आनलाइन फ्रीज कराए. सोलंकी ने बताया कि आरोपियों के पास से 40 मोबाइल, 80 सिम, 177 एटीएम कार्ड, 5 लेपटाप, 2 कार, 3.54 लाख रुपये नगदी सहित लगभग 50 लाख रुपए का मसरुका जब्त किया गया है. आरोपी इंस्टाग्राम, टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन गेम पर सट्टे का पैनल प्राप्त करते हुए इसे चला रहे थे. आरोपियों की टीम में 6 बालोदा, भाटापारा छ.ग. और एक छिंदवाड़ा बैतूल जिले के निवासी है. आरोपी पकड़े न जाये, इसलिये कार और रेसिडेंसियल मल्टी में सेटअप लगाकर कराते बेटिंग थे. पुलिस की पकड़ा से बचने के लिये यह गिरोह फर्जी एकाउंट, फर्जी सिम का इस्तेमाल कर करता था.

> अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने बताया कि हाल ही के दिनों में क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट एशिया कप टूर्नामेंट मैच के दौरान मैच पर ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले गिरोह सक्रिय होने की सूचना मिली थी. मिनाल क्षेत्र में कार में आनलाईन सट्टा संचालन कर रहे दो आरोपियों को मोबाइल, लैपटॉप , फर्जी एकाउंट के एटीएम कार्ड तथा कुछ नगदी सहित पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ में उनके द्वारा बड़े रूप में काल सेंटर (बुक) संचालित करना भी स्वीकार किया, जिनकी निशादेही पर भोजपुर रोड स्थित आरआरजी टाउनशिप मल्टी में रेसिडेंसियल फ्लेट में संचालित ऑनलाइन सट्टे के काल सेंटर(बुक) पर रेड की गई,

# धमकी देने वाले पर हो सख्त कार्रवाई : पटवारी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 सितम्बर. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर आगर के नलखेड़ा पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन किए. उन्होंने कहा कि मां शक्ति स्वरूपा के आशीर्वाद से उन्हें नई ऊर्जा मिली है और सभी के कल्याण की प्रार्थना की. भोपाल से नलखेड़ा की यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इस पर पटवारी ने कहा कि यह स्नेह पार्टी संगठन की मजबूती का प्रतीक है.**

अपने संबोधन में पटवारी ने केरल भाजपा प्रवक्ता प्रिंटू महादेव की उस टिप्पणी की कड़ी निंदा की, जिसमें उन्होंने टीवी बहस के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी थी. उन्होंने इसे संवैधानिक लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि ऐसी भाषा समाज में नफरत और हिंसा का बीज बोती है.



> उन्होंने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा किसानों, मजदूरों, दलितों और आदिवासियों की समस्याओं को उठाया है. उनका परिवार देश के लिए बलिदानों के लिए इतिहास में जाना जाता है. पटवारी ने कहा, इस तरह की धमकियां राजनीतिक असफलता का प्रमाण हैं. हालांकि केरल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन पटवारी ने केंद्र स्तर पर तत्काल कार्रवाई की मांग की. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्रालय से हस्तक्षेप कर राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाने की अपील की.

# ठगी : महिला को थमाए नकली नोट

## आरोपी ठग घटना के बाद से फरार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 सितंबर. हनुमानगंज थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है. महिला जब बाजार में दवा लेने के लिए गई थी. तभी उसके साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया. ठग ने महिला के जेवरात के बदले नोटों की गड्डी देने की बात कही.**

ठगी की बातों में आई महिला ने अपने जेवर देते हुए रुपए भी ले लिए थे. रुपए नकली नोट के हैं इसका अंदेशा भी महिला को नहीं था. आरोपी ठग घटना के बाद से फरार चल रहा है. जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला फूलवतीबाई यादव को एक ठग ने बाजार में नकली नोटों की गड्डी दिखा कर महिला के जेवरात ले लिए. महिला को नकली नोटों की जानकारी जब मिली तो वह परेशान हो गई. महिला के जेवर जिसे ठग ने ले लिए हैं. महिला ने उसकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई है. महिला का कहना है कि उसे सिर दर्द की समस्या थी. वह महिला एसीपी कार्यालय के पास की मेडिकल में दवा लेने के लिए पहुंची थी. इसी दौरान महिला के साथ ठगी की वारदात हुई. पीड़िता ने पुलिस में मामले की शिकायत की बात भी कही है.



**भोपाल.** वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एपी सिंह को उनके उल्लेखनीय अनुसंधान कार्यों के लिए सम्मानित किया. सम्मान समारोह में समाजसेवी, पूर्व विधायक एवं वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से सम्मान अर्पित किया. पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं जैव-विविधता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना हुई. डॉ. सिंह ने विज्ञान को समाज से जोड़ने की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया. इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह, राजेश मालवीय एवं राजेन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे.


# दस्तावेजों के लिए सत्यापन तिथि हुई जारी

- असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के लिए होगा सत्यापन
- परीक्षा-2022 के तहत चयन सूचियां जारी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 29 सितम्बर. एमपीपीएससी द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2022 के तहत चयन सूचियां जारी हो चुकी है, जिसके बाद अगले चरण में दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने जा रही है. उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इस दिशा में आदेश जारी कर दिए गए हैं.**

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल में चयनित अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों और उनकी दो छायाप्रतियों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा. उच्च शिक्षा विभाग ने यह साफ किया है कि सत्यापन प्रक्रिया केवल दस्तावेजों की जांच के लिए है. इस प्रक्रिया से यह निर्धारित नहीं होगा कि उनकी नियुक्ति तय हो गई है.



> जानकारी के अनुसार 3 अक्टूबर को चित्रकला और सैन्य विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जायेगा. वहीं 4 अक्टूबर को मनोविज्ञान, भूगर्भशास्त्र और संगीत विषय के उम्मीदवारों का सत्यापन होगा. इन तिथियों पर सुबह 10 बजे से दस्तावेजों का सत्यापन कार्य शुरू होगा.

सत्यापन होने के बाद ही प्रकरण परीक्षण होगा, जिससे नियुक्ति का निर्णय किया जाएगा. इसके अतिरिक्त सत्यापन के दौरान कोई जानकारी अधूरी रहने पर, यदि तय समय-सीमा में उसे पूरा नहीं किया गया, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

# सड़क हादसे में महिला की मौत

## टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 सितंबर. सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई. सोमवार को इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया. इस मामले में पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत के बाद आरोपी वाहन चालक की तलाश भी शुरू कर दी है.**

टीटी नगर में नर्मदा भवन के सामने स संगीता सिंह उम्र 48 वर्ष अपने बेटे राहुल के साथ जा रही थी. इसी दौरान पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने संगीता को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से संगीता का संतुलन बिगड़ा गया और वह सड़क पर सर के बल गिर गई. सिर में गंभीर चोट लगने से उनके बेटे राहुल ने तुरंत ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान संगीता की मौत हो गई. इस हादसे की जानकारी पुलिस को मिलने पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है.




> **बाइक सवार की तलाश जारी**
> टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश पुलिस की टीम भी कर रही है. आरोपी बाइक सवार की गिरफ्तारी की मांग मृतका के परिवार के लोग कर रहे हैं. पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज के जरिए आरोपी तक पहुंच सकती है.

# कांग्रेस प्रवक्ता के पोस्टर विवाद से सियासी बहस हुई तेज

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 सितम्बर. उज्जैन में आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद अब कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीन धोलपुरे का पोस्टर मध्यप्रदेश की राजनीति में नई चर्चा का कारण बन गया है.**

मीडिया में चर्चा में आए इस पोस्टर पर लिखा है आई लव इंडिया, आई लव राहुल गांधी, जय बापू, जय भीम, जय संविधान. इसके सामने आने से एक बार फिर संवैधानिक अधिकारों और राजनीतिक प्रतीकों पर बहस शुरू हो गई है. धोलपुरे ने पोस्टर का बचाव किया और कहा कि राहुल गांधी को संविधान हाथ में लिए दिखाया गया है, जिससे उसे बचाया जा सके. उन्होंने अनुच्छेद 25 का उल्लेख करते हुए कहा कि यही संविधान की खूबसूरती है, क्योंकि यह हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार देता है. राहुल गांधी किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों की आवाज हैं. उन्होंने कांग्रेस नेता को लोकतंत्र और सामाजिक न्याय का रक्षक बताया.




> राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद राज्य की राजनीति में बढ़ते वैचारिक टकराव को दर्शाता है, जहां धार्मिक और संवैधानिक प्रतीकों का बार-बार सहारा लिया जा रहा है. चुनावी माहौल को देखते हुए ऐसे प्रतीकात्मक पोस्टरों से बहस और तेज होने की संभावना है.

# भोपाल दुग्ध संघ की 43वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित

**भोपाल.** एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित की 43वीं वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2024-25 आज भोपाल में सम्पन्न हुई. सभा की अध्यक्षता प्रशासक प्रतिनिधि अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश नायक ने की. मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी द्वारा रखे गए प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया. उन्होंने बताया कि संघ ने वर्ष 2024-25 में 2110 सहकारी समितियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 3.15 लाख किलोग्राम दूध का संकलन किया तथा अब तक की सर्वोच्च दर 840 रुपये प्रति किलोग्राम फेट पर किसानों को भुगतान किया. वर्षभर में किसानों को कुल 485 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया और संघ ने 8.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया. संघ द्वारा 318 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के माध्यम से 1.33 लाख कृत्रिम गर्भाधान संपादित किए गए. प्रशिक्षण केंद्र में 434 दुग्ध समिति सदस्यों को प्रशिक्षित किया. एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी ने प्रतिनिधियों से अपमिश्रित दूध को हर हाल में हतोत्साहित करने और 'सांची' ब्राण्ड की छवि बनाए रखने का आह्वान किया. कार्यक्रम का संचालन निधि सिंह और आभार राजेश विजयवर्गीय ने व्यक्त किया.

# होटल संचालक की पत्नी ने महिला से की बदसलूकी

- मारपीट और धमकाने का आरोप

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 सितंबर. एमपी नगर जोन-2 में संचालित एक होटल संचालक की पत्नी पर महिला कर्मचारी के साथ मारपीट और बदसलूकी करने का आरोप सामने आया है.**

घटना से पीड़ित बहुत डरी सहमी है. होटल संचालक के साथ महिला कर्मचारी के अफेयर की बात की शक को लेकर उससे बदसलूकी की गई है. इस दौरान होटल संचालक का बेटा भी मौजूद था और घटना का वीडियो भी बना रहा था. पीड़िता की ओर से इस मामले में पुलिस शिकायत भी अभी तक नहीं किए जाने से पुलिस कार्रवाई भी नहीं की गई है. पीड़िता का इस मामले में कहना है कि वह पिछले कई सालों से होटल में काम करती आ रही हैं. महिला के साथ मारपीट करते हुए उसके बाल काटने की जानकारी भी सामने आई है. महिला का मोबाइल फोन भी छीना गया है. घटना को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त मनीष भरद्वाज ने कहा कि मामला संज्ञान में आने पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी.

# दिल्ली से होती थी ड्रग्स की मेन सप्लाई

## मछली परिवार का एक और कारनामा उजागर

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 29 सितंबर. क्राइम ब्रांच को बहुचर्चित मछली परिवार से जुडे ड्रग्स मामले में अहम जानकारी मिली है. यासीन मछली गैंग को ड्रग्स की मेन सप्लाई दिल्ली का रहने वाला बादल अरोरा नाम का व्यक्ति करता था. यासीन के गुर्गे अंशुल उर्फ भूरी की चैट्स के दौरान बादल की चैट्स की जानकारी अब सामने आई है.**

बादल को लेकर बताया जा रहा है कि वही मुख्य ड्रग्स सप्लायर के तौर पर काम करता था. ड्रग्स की खपत को लेकर आरोपियों द्वारा खास तरह का कोडवर्ड भी तैयार किया गया था. इन्हीं कोडे के जरिए ड्रग्स की बुकिंग और डिलीवरी भी की जाती थी. क्राइम ब्रांच ने इस संबंध में हुए ट्रांजेक्शनों की डिटेल्स के आधार पर आरोपियों के चैट्स को खंगाला जिसके बाद नया खुलासा हुआ है.

बता दें कि मछली गैंग से जुड़े पुलिस की गिरफ्त में आए अब तक 10 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान भी पेश हो चुका है. क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों की 6 महीने की कॉल डिटेल्स निकाली थी. इसी दौरान यह जानकारी सामने आई कि मछली गैंग से जुडे आशू और सैफउद्दीन मुख्य पैडलर के तौर पर अपनी भूमिका अदा कर रहे थे.

> इन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ. आरोपी ड्रग्स को लेकर पूरी डील भी चैट्स के जरिए ही करते थे. गैंग से जुड़े आरोपी एक-दूसरे की मदद भी लगातार करते थे. गैंग से जुडे कुछ आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं. आरोपियों की पेशी भी कोर्ट में की जा रही है.

# बीएचईएल में स्वच्छोत्सव

## स्वच्छ भारत अभियान को दी जा रही गति

**भोपाल 29 सितंबर (वार्ता) महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान की कड़ी में बीएचईएल भोपाल इकाई में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है. इस वर्ष इसे स्वच्छोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है.**

महाप्रबंधक एवं प्रमुख पी.के. उपाध्याय के नेतृत्व में अभियान का शुभारंभ स्वच्छता शपथ से किया गया. इसके तहत कारखाने परिसर, टाउनशिप के पार्क, खेल मैदान और अस्पताल में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. बीएचईएल के विभिन्न विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में क्लीन टारगेट यूनिट के रूप में क्षेत्र चुनकर स्वच्छता कार्य कर रहे हैं. इन कार्यों की प्रभावी निगरानी हेतु प्रबंधन द्वारा कार्य प्रारंभ, कार्यकाल और कार्य पूर्ण होने के बाद की गतिविधियों का जिओ-टैग फोटोग्राफ के माध्यम से समीक्षा की जा रही है. कार्यक्रमों का समन्वय एचएसई विभाग के प्रमुख सपन सुहाने, अपर महाप्रबंधक द्वारा किया जा रहा है.

**समस्या** शिक्षा विभाग और आईडीएआई ने यू-डाइस पोर्टल पर नई सुविधा की विकसित

# 1 अक्टूबर से आधार अपडेट का विशेष अभियान होगा शुरू

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 29 सितम्बर. प्रदेश भर में पढ़ रहे विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें. इस दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग ने इसके लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथारिटी ऑफ इंडिया की मदद ली है.**

ऐसे विद्यार्थी जिनके आधार में किसी तरह की गलतियां है, जिसके कारण वह सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो सकते हैं, उनके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने कोशिश की है. इसके तहत 1 अक्टूबर से राज्यभर में आधार अपडेट का विशेष अभियान शुरू किया जाएगा. इसमें 5 और 15 वर्ष की आयु पार कर चुके विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक डेटा को अपडेट किया जा सकेगा. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, करीब 26 लाख विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके आधार में कुछ गलतियां हैं और अपडेट लंबित है. फिलहाल प्रदेश भर में 1.51 करोड़ विद्यार्थी अध्ययनरत हैं. जिसमें 13 लाख अभ्यर्थी ऐसे हैं जिनके पास आधार ही नहीं है.

आधार अब विद्यालय के द्वार नाम से चलाए जा रहे अभियान का यह दूसरा चरण है. पहले चरण की सफलता के बाद उन स्कूलों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां अधिक बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट अभी बाकी हैं. अभियान को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग और आईडीएआई ने मिलकर यू-डाइस पोर्टल पर एक नई सुविधा भी विकसित किया है. जिससे स्कूलों को अपने विद्यार्थियों की अपडेट की स्थिति पर निगरानी रखने में आसानी हो.




> **विद्यार्थियों को हो रही परेशानी**
> समय पर आधार में अपडेट न होने के कारण छात्रों को कई शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी हो रही है. इस अभियान के जरिए विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, स्कूल में दाखिला, प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से आसानी से जोड़ा जा सकेगा.

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

**भोपाल. कलेक्टोरेट में सोमवार को समयावधि यानी, टीएल मीटिंग हुई. इसमें कई मुददों पर बात की गई. इसी दौरान अपनी समस्या लेकर पहुंची एक महिला हंगामा करने लगी, जिस पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैठक रोकी और महिला की समस्या सुनी. इसके बाद उसे पुलिस कमिश्नर के पास भेजा.**

जानकारी के अनुसार, शोभना सिंह नामक महिला ने हंगामा किया. वह मकान विवाद सहित अन्य शिकायतों का निराकरण कराने के लिए पहुंची थी. जनसुनवाई में उसने शिकायत की थी. इस पर महिला की राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर तो सुनवाई कर दी गई, लेकिन थाने से जुड़े मामले पुलिस विभाग को हस्तांतरित कर दिए जाते. जिसके चलते महिला नाराज थी. इसके चलते सोमवार को वह अपनी 13 साल की बेटी के साथ कलेक्टोरेट पहुंची थी. कलेक्टोरेट के बाहर ही वह अशब्द कहने लगी. जिसे रोका तो हंगामा कर दिया.

इधर, बैठक में कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को खरीफ की फसल कटने के बाद पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक करें. किसी भी खेत में पराली जलाने की शिकायत आई तो संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, पटवारियों की जवाबदेही रहेगी. सख्त कार्रवाई करने से भी परहेज नहीं करूंगा. कलेक्टर ने अक्टूबर माह में संभावित एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर सभी एसडीएम को तैयारियां करने के निर्देश भी दिए हैं.

> बीएलओ को विधानसभा स्तर पर संपूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए एसडीएम बैठकें करें. यदि कोई लापरवाही करेगा तो वो सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहे. बैठक में एडीएम अंकुर मेश्राम, पीसी शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन और सीएम डेशबोर्ड पर लंबित शिकायतों को तत्काल निराकरण करें. जिले के नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन से जुड़े राजस्व प्रकरणों का निराकरण सात दिन के भीतर करके मुझे रिपोर्ट दें.